हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 13 फरवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 15. 0 डिग्री

कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा : महोबे
4




## खबर संक्षेप

### जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेले का समापन आज

**जांजगीर-चांपा।** जिले के शासकीय हाई स्कूल मैदान, जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र जवे, जांजगीर में 11, 12 एवं 13 फरवरी को जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का आयोजन किया जा रहा है। 13 फरवरी को कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरू खुशवंत सिंह साहेब के मुख्य आतिथ्य में सायं 5 बजे समापन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत एवं जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े होंगे। कार्यक्रम में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरवंश, विधायक जैजैपुर बालेश्वर साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष खनिज विकास निगम सौरभ सिंह, पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रदीप नामदेव विशिष्ट अतिथि होंगे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे मुख्य आकर्षक का केन्द्र** - 13 फरवरी को दोपहर 3.30 से 5 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम 5 से 6 बजे तक मल्लखंभ, पंथी नृत्य एवं स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति तथा शाम 6 से 8 बजे तक छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोक गायिका आरू साहू की प्रस्तुति होगी। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे से सारेगामा विजेता एवं बॉलीवुड सिंगर इशिता विश्वकर्मा अपनी प्रस्तुति देंगी।

### सहायक कृषि यंत्री कार्यालय खोलने प्रभारी मंत्री से मांग

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा कृषि प्रधान जिला है। यहां के कृषक नवाचारों को अपना रहे है। साथ ही साथ शासन की योजनाओं के माध्यम से जिले में उन्नत कृषि यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहे है। इसे लेकर खूबचंद बघेल कृषक सम्मान से सम्मानित किसान रामप्रकाश केशरवानी ने प्रदेश के वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी से सहायक कृषि यंत्री कार्यालय खोले जाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने वित्त मंत्री से मुलाकात भी की है।

### महाशिवरात्रि पर जमडी में लगेगा पांच दिवसीय मेला

**बिर्रा।** ग्राम जमडी (मल्दा) के महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का शुभारी 15 को होगा। इस संबंध में सौरभ कुमार शुक्ला ने बताया कि भव्य महाशिवरात्रि मेला में झूला, तमाशा ,सर्कस, मौत कुआं और कई प्रकार के व्यंजन एवं मनोरंजन के साधन व्यवस्था ग्राम वासियों के द्वारा किया जा रहा है। इस मेला का समापन 19 फरवरी गुरुवार को होगा।

### आनंद मेला एवं वार्षिकोत्सव आज, सम्मान समारोह कल

**बिर्रा।** भारत विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय मल्दा में आनंद मेला एवं वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन 13 फरवरी शुक्रवार को सुबह 10 बजे शुभारंभ किया जाएगा। स्कूल संचालक दुर्गेश कुमार कश्यप ने बताया कि 14 फरवरी शनिवार को भारत विद्या मंदिर विद्यालय का स्थापना 32 वर्ष पूर्ण होने और आगामी सत्र से हाई स्कूल प्रारंभ करने के अवसर पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर, विशिष्ट अतिथि रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर , सुशीला सिंहा जिला पंचायत सदस्य, रश्मि गबेल जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सक्ती, दीपक गुप्ता विकासखंड शिक्षा अधिकारी जैजैपुर आदि होंगे। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता किरित राम कश्यप करेंगे।

### 25 हजार की लिमिट ने बढ़ा दी कृषकों की दिक्कत

# मेहनत की कमाई पाने सहकारी बैंकों में मशक्कत कर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान बेचने के बाद जिले के किसान अपनी ही जमा राशि पानी के लिए जिला सहकारी बैंकों में काफी मशक्कत कर रहे हैं। वही 25 हजार रुपए की लिमिट ने कृषकों की दिक्कतें और भी बढ़ा दी है जिसके चलते किसान परेशान है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले के पांच ब्लॉक को मिलकर दर्जन भर जिला सहकारी बैंकों का संचालन किया जा रहा है। जिला सहकारी बैंक प्रमुख रूप से जांजगीर अकलतरा बलौदा नवागढ़ पामगढ़ सारागांव सहित अन्य जगहों पर संचालित किया जा रहा है ताकि किसान धान बेचने के बाद संबंधित सहकारी बैंक से अपनी जमा राशि पा सके वहीं दूसरी ओर जिला सहकारी बैंकों में इस समय कृषकों की भारी भीड़ नजर आ रही है किसान अपनी जमा राशि लेने के लिए सुबह से ही बैंकों में नजर आ रहे हैं इस तरह की समस्या सभी जिला सहकारी बैंकों में नजर आ रही है वही 25 हजार रुपए की लिमिट ने कृषकों की दिक्कतें और भी बढ़ा दी है इस समय फरवरी के महीने में कई जगहों पर किसान अपने बेटे एवं बेटियों की शादी भी कर रहे हैं लेकिन बैंक से समय पर राशि नहीं मिल पाने के चलते कृषक परेशान है। जिले के सहकारी बैंकों में करीब 1 लाख 22 हजार से भी अधिक कृषकों के द्वारा अपना खाता खुलवाया गया है ताकि धान बेचने के बाद जमा राशि समय पर प्राप्त कर सके लेकिन सहकारी बैंकों में राशि अपने किसान कड़ी मशक्कत कर रहे हैं इसके बाद भी उन्हें राशि नहीं मिल पा रही है। इस संबंध में कृषक प्रेमलाल यादव, अर्जुन महंत, दिनेश कुमार सावित्री देवी रजनी सिंह सहित अन्य कृषकों ने बताया कि जिला सहकारी बैंक मैं कृषकों को हर साल जमा राशि निकालने के लिए बड़ी परेशानी होती है इसे लेकर जिम्मेदार बैंक प्रबंधन ध्यान नहीं देते हैं।


जिला सहकारी बैंक में राशि पाने पहुंचे किसान।

### अलग-अलग दिनों का निर्धारण

*जिला सहकारी बैंकों में कृषकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर सप्ताह के अलग-अलग दिन अलग-अलग गांव के कृषकों के लिए निर्धारित किया गया है ताकि किसानों को समय पर अपनी जमा राशि मिल सके वही उन्हें रुपए लेने के लिए भटकना न पड़े इसके बावजूद सहकारी बैंकों में इस तरह की समस्या आम बात है। जिला सहकारी बैंक जांजगीर में ही 50 से अधिक गांवों के किसानों के द्वारा बैंक खाता खुलवाया गया है। इनमें बनारी, सरखों, औराईकला, सिवनी, धाराशिव, पेण्डी, दर्राभांठा सहित अन्य गांवों के किसानों का बैंक खाता है। हालांकि किसानो की सुविधाओं को ध्यान में रखकर किसानों को क्रमशः गांव के आधार पर सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार के दिनों में बैंक आने की सलाह दी जाती है। निर्धारित अवधि में किसान अपनी जमा राशि पाने के लिए बैंक पहुंचते है तो उन्हें राशि की कमी होने का हवाला देकर अगले सप्ताह आने कहा जाता है। ऐसे में किसानों को बड़ी परेशानी होती है।*

### जारी किए हैं निर्देश

जिला सहकारी बैंकों में कृषकों को जमा राशि निकलने में परेशानी ना हो इस बात को ध्यान में रखकर व्यवस्था बनाने प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है। 25 हजार रुपए की लिमिट उच्च अधिकारियों द्वारा बनाई गई है।

-अमित कुमार साहू
नोडल अफसर, जिला सहकारी बैंक जांजगीर

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर साढ़े 8 करोड़ की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

### चांपा थाना का मामला, 12 अलग-अलग बैंकों का चेक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर साढ़े 8 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके कब्जे से 12 अलग अलग बैंकों का चेक बुक व नकदी बरामद किया है। मामला चांपा थाना का है।


आरोपी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के ग्राम अखराभांठा निवासी प्रार्थी भूधर प्रसाद देवांगन उम्र 38 वर्ष ने थाना चांपा उपस्थित आकर 30 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह एकाउंटेंट का काम करता है। जिसका जान पहचान कलकत्ता निवासी विश्वजीत देबनाथ से सन 2021 मे चाम्पा मे मेदी लाल देवांगन के माध्यम से हुआ था, जो प्रार्थी भूधर देवांगन को विश्वजीत देबनाथ शेयर मार्केट मे पैसा लगा कर ज्यादा कमाई होने का प्रलोभन दिया और साथ ही बोला कि जितना पैसा लगाओगे, उस पर पांच प्रतिशत ब्याज प्रति महिना और साथ ही उसके द्वारा बोला गया। प्रलोभन एवं झांसे में आकर प्रार्थी एवं अन्य लोगो के द्वारा राशि 8 करोड 45 लाख रूपये नगद, आरटीजीएस, एनईएफटी एवं चेक के माध्यम से निवेश किया गया कुछ लोगो को 8 माह एवं कुछ लोगो को एक दो माह पांच प्रतिशत ब्याज के रूप मे दिया था। उसके बाद वह आना कानी, कंपनी का घाटा होना और कुछ समय बाद पुरा पैसा वापस कर दूंगा झूठा वादा करता रहा विश्वजीत देबनाथ व अन्य द्वारा छल कपट एवं बेईमानी पूर्वक स्वयं का लाभ अर्जित करने के उददेश्य से धोखाधडी करना पाये जाने से प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना चाम्पा में धारा 420,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मुखबिर सूचना के आधार आरोपी विश्वजीत देवनाथ को ईटला पोडा पारा पोस्ट कालीघाट थाना कोतवाली कृष्णानगर जिला नदिया पश्चिम बंगाल से पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर प्रार्थी एवं अन्य लोगों से राशि 8 करोड 45 लाख रूपये नगद, आरटीजीएस, एनईएफटी एवं चेक के माध्यम से निवेश करना तथा उसी पैसो में से एक क्रेटा कार, कुछ सोना खरीदना तथा घर का पूरा रंगरोहन करवाना और सोना आई.डी.बी.आई बैंक में रखना तथा घर का कागज घर के आलमारी में रखना बताया है आरोपी के कब्जे से आरोपी के कब्जे से एक क्रेटा कार, 12 अलग-अलग बैंको का चेकबुक, 9 डेबिट कार्ड व 8 क्रेडिट कार्ड, एक पेन कार्ड, एक आधार कार्ड, एक ड्रायवरी लायसेंस एवं 3 नग महंगे मोबाईल एव 30 हजार रुपए नगद बरामद कर जप्त किया गया है आरोपी को पुलिस रिमांड लिया गया है। प्रकरण के संबंध में आरोपी से पुछताछ जारी है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक अशोक वैष्णव, उनि उमेन्द्र मिश्रा, आरक्षक आदित्य प्रताप, गोपेश्वर सिंह, महिला आरक्षक निरमा टोप्पों एवं सायबर से प्रधान आरक्षक विवेक सिंह का योगदान रहा।

## दिलीप षडंगी के जसगीतों पर देर रात तक झूमते रहे दर्शक

**जांजगीर-चांपा।** जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला के पहले दिन 11 फरवरी को हाई स्कूल मैदान में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला, सुप्रसिद्ध जसगीत गायक दिलीप षडंगी ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके जसगीतों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माता की वंदना "जय सर्वमंगला दाई मंगलकारिणी, आरती उतारत हावव जगत तारिणी" से हुई। इसके बाद "घर-घर दिया माता, घर-घर बाती ओ" जैसे लोकप्रिय जसगीतों ने पूरे पंडाल को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। विशेष रूप से "जांजगीर के चंदउवा बइगा", "आमा पान के पतरी", "करेला पान के दोना ओ", "छुनूर-छुनूर पैरी बाजे", "ए पान वाला बाबू", "मोर पथरा के देवता सुनत नइ हे ओ" जैसे गीतों पर दर्शकों का उत्साह चरम पर नजर आया।

## सड़कों की मरम्मत प्रारंभ, लोगों को आवागमन में मिलेगी राहत


चल रहा सड़क निर्माण कार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

क्षेत्र की लंबे समय से खस्ताहाल पड़ी सड़कों के मरम्मत कार्य आखिरकार शुरू हो गए हैं, जिससे आम लोगों और राहगीरों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

दरअसल, अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने क्षेत्र की सड़कों के रखरखाव और मरम्मत को लेकर विधानसभा में कई प्रश्न लगाए हैं। इसके बाद विभाग भी सक्रिय हो गया है और विशेष निगरानी में तेजी से मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं।ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होकर 20 मार्च तक चलेगा। खस्ताहाल सड़कों की समस्या को लेकर कांग्रेस विधायक के नेतृत्व में 24 अक्टूबर 2025 को बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर आंदोलन किया था। क्षेत्र में इन दिनों अकलतरा–खोड़ मार्ग, पोंड़ी–मधुवा मार्ग,लटिया–कल्याणपुर मार्ग,पंतोरा–नैला पहुंच मार्ग,बलौदा–नैला सड़क,कटरा पहुंच मार्ग,सीपत–बलौदा–पंतोरा मार्ग,तरौद से किरारी मुख्य मार्ग मुख्य मार्ग से अर्जुनी-करुंमहू सड़क मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मरम्मत कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा होता है तो आवागमन सुगम होगा और दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत मामले की जांच कर रही पुलिस

**सक्ती।** बुधवार शाम एक दर्दनाक घटना में 28 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक ने रेलवे फाटक के पास अपनी बाइक खड़ी कर अचानक ट्रैक पर खड़े होकर सामने से आ रही गोंडवाना एक्सप्रेस के सामने छलांग लगा दी। युवक उछलकर पटरी पर गिर पड़ा और ट्रेन उसके ऊपर से गुजर गई। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद ट्रेन चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को ट्रेन के नीचे से बाहर निकाला। घायल युवक को एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।

## हसदेव नदी में गिरी तेज रफ्तार दो बाइक, एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हसदेव नदी एनीकट के पास दो बाइक की आपस में जबरदस्त भिडंत हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भठली की है।

इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरूवार 12 फरवरी की है। ग्राम भठली से ताल देवरी की ओर जा रही दो बाइक हीरो होंडा स्प्लेंडर और एमटी-15 तेज रफ्तार में थीं। इसी दौरान दोनों गाड़ियों का हैंडल आपस में टच हो गया और संतुलन बिगड़ने से बाइक सवार सीधे हसदेव नदी में जा गिरे। हादसे में विकास यादव, पहलाद दास और उनके दो अन्य साथी नदी में गिर गए, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि विकास यादव, पहलाद दास और एक अन्य साथी घायल हो गए। घायलों को तत्काल आसपास के लोगों की मदद से बाहर निकालकर निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही नवागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों की पड़ताल कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। एक तरह तो शासन के द्वारा लोगों को सडकों पर चलते समय यातायात नियमों का परिचालन करने की सीख दी जाती है। वहीं इसके लिए कई तरह के जागरूकता कार्यक्रम ब्लाक स्तर पर आयोजित किए जाते है। इन सबके बावजूद लोग लापरवाहीपूर्वक वाहन का परिचालन करते है। जिसके कारण हादसों की संभावना बनी रहती है। कुछ इस तरह की घटना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम भठली में देखने को मिली। जहां दो बाइक की आपस में भिडंत हो गई। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।


हादसे के बाद सड़क पर पड़ा युवक का शव।

## चाकू मारकर युवक की हत्या मामले में अपचारी बालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

चाकू मारकर युवक की हत्या मामले में पुलिस ने अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम धरदेई का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 11 फरवरी को राहुल चौहान निवासी दर्रा थाना भटगांव जिला सारंगढ बिलाईगढ जो शिवरीनारायण मेला देख कर अपनी मौसी के घर ग्राम धरदेई गया था। इस दौरान अज्ञात लोगो के द्वारा धारदार हथियार से मार कर हत्या कर पुरेना तालाब में फेक दिया। राहुल चौहान अपनी मौसी के घर आना -जाना करता था। अपचारी का एक अन्य साथी आरोपी जो फरार है। द्वारा एक लड़की को मोबाइल फोन के माध्यम से बातचीत करता था। इसी बात को लेकर आरोपी को आपत्ति एवं नाराजगी थी। 11 फरवरी को फरार आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर राहुल चौहान को अपने साथ ले जाकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर हत्या कर दिया एवं लाश को छुपाने की नियत से पुरेना तालाब में फेंक देना बताया। मामले में अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। कार्यवाही मे निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सत्यम चौहान प्रभारी पुलिस सहायता केन्द्र राहौद, पी बघेल, विरेन्द्र टण्डन का योगदान रहा।


मृतक राहुल चौहान।

### कलेक्टर ने बैठक लेकर जारी किए दिशा निर्देश

# बोर्ड परीक्षा में अब पर्यवेक्षक भी नहीं कर सकेंगे मोबाइल का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बोर्ड परीक्षा के दौरान केन्द्र में ड्यूटी करने वाले पर्यवेक्षक भी मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। साथ ही केन्द्राध्यक्ष भी केन्द्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बोर्ड परीक्षा को लेकर कलेक्टर ने डीईओ समेत आला अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश जारी किए।

ज्ञात हो कि गुरूवार 12 फरवरी को कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के सुव्यवस्थित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के लिए जिले में केंद्राध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री महोबे ने परीक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गोपनीयता, अनुशासन एवं पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छ शौचालय तथा परीक्षार्थियों को समयपूर्व सुव्यवस्थित बैठाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि केंद्राध्यक्ष केंद्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक विद्यार्थियों से अनावश्यक बातचीत नहीं करेंगे तथा परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन लेकर प्रवेश नहीं करेंगे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की काउंसलिंग कर परीक्षा के डर एवं आदर्श प्रश्नपत्र अधिक से अधिक विद्यार्थियों से हल कराए जाएं, ताकि वार्षिक परीक्षा से पूर्व उनकी समुचित तैयारी हो सके।आधार कार्ड शिविर एवं अपार आईडी पर निर्देश बैठक में स्कूलों में आधार कार्ड शिविर आयोजित कर प्राथमिकता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण की समीक्षा कर शेष पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। नाम अथवा अन्य विवरण में त्रुटि होने सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा ने माध्यमिक शिक्षा मंडल से प्राप्त प्रशिक्षण बिंदुओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं केंद्राध्यक्ष उपस्थित रहे।


बैठक में शामिल डीईओ समेत अन्य अफसर।

## वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा शैक्षणिक सत्र की स्कूली एवं महाविद्यालयीन वार्षिक परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में आदेश जारी किया गया है।

**खास बात**
- अनुमति प्रदान के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम होंगे प्राधिकारी

जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अधिसूचित ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 तथा छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-18 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक धारा-13 में उल्लिखित विशेष अवसरों को छोड़कर ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं कोलाहल उत्पन्न करने वाले उपकरणों के उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। उक्त प्रतिबंध का उल्लंघन अधिनियम की धारा-15 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। आवश्यकतानुसार अधिनियम की धारा-7 के तहत सीमित अवधि के लिए अनुमति प्रदान करने हेतु संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी सक्षम प्राधिकारी होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

## खबर संक्षेप



### समर्पण दिवस पर गूंजा एकात्म मानववाद उपाध्याय की मनाई गई पुण्यतिथि

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि प्रत्येक वर्ष समर्पण दिवस के रूप में मनाई जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष भी 11 फरवरी को जिला भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पूर्णतः सादगी एवं श्रद्धा के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, सह संभाग प्रभारी रायपुर डॉ. राजीव सिंह, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विपणन एवं विकास संघ भोजराम देवांगन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी एवं डॉ. राजीव सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर जोगेश लांबा, डॉ. राजेश राठौर, अजय विश्वकर्मा, अजय पांडेय, हितानंद अग्रवाल, योगेश जैन, रेणुका राठिया, लक्की नंदा, अजय कंवर, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, प्रीति स्वर्णकार, डॉ. विजय राठौर, राजेश लहरे, योगेश मिश्रा, प्रकाश अग्रवाल, नीरज ठाकुर, अजय चंद्रा, राकेश तलवार, लक्ष्मण श्रीवास उपस्थित रहे।

### लीनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट का संयुक्त एरिया मीट सम्पन्न



**कोरबा।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट सीजी-1 स्वर्णिम 2026 के अंतर्गत आने वाले एरिया–8 एवं एरिया–9 के क्लबों का संयुक्त एरिया मीट सोमवार, 10 फरवरी को लायंस हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लीनेस क्लब, दादर गोल्डन क्लब एवं हरीतिमा क्लब दर्री की सक्रिय सहभागिता रही। एरिया मीट के दौरान सभी क्लबों की अध्यक्षों ने आगामी सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं क्लब सचिवों द्वारा वर्ष भर में संचालित सेवा गतिविधियों, प्रशासनिक बैठकों तथा आय व्यय का विस्तृत विवरण सदन के समक्ष रखा गया। बैठक में क्लबों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

### पूर्व मंत्री ने सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना



**कोरबा।** सेक्टर-5 बालको स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में श्रीराम लला सरकार के प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। धार्मिक वातावरण और श्रद्धा से सराबोर इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित हुए और सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात श्रीराम कथा का श्रवण कर धर्मलाभ लिया। कथा के दौरान आचार्य द्वारा श्रीराम और भरत मिलाप प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे परिसर में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार अखण्ड नवधा रामायण, श्रीराम कथा, श्रीमद् भागवत कथा और शिव कथा जैसे धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संदेश देते हैं और भातृत्व भाव की भावना को जागृत करता है।

# प्रबंधन और नराईबोध के ग्रामीणों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीएनसी कंपनी में वैकल्पिक रोजगार की जायज मांगों और मठ की मुआवजा राशि के भुगतान को लेकर आंदोलित नराईबोध के ग्रामीणों और एसईसीएल प्रबंधन के बीच चली लंबी खींचतान आखिरकार सकारात्मक मोड़ पर समाप्त हुई प्रबंधन द्वारा लिखित में ठोस आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने पूर्व घोषित आंदोलन को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है।

अलग खबर

एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम नईबोध के भूविस्थापित व प्रबंधक के बीच आयोजित त्रिपक्षीय बैठक में एसईसीएल प्रबंधन पीएनसी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी और नराईबोध ग्राम के प्रतिनिधि शामिल हुए इस वार्ता में ग्रामीणों की समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। इस दौरान चली लंबी चर्चा के बाद बैठक में यह तय किया गया कि पीएनसी संस्था एक सप्ताह के भीतर प्रबंधन की अनुशंसा पर तीन स्थानीय लोगों के प्रकरणों पर प्राथमिकता से वैकल्पिक रोजगार को सुनिश्चित किया गया। भविष्य में रोजगार के नए अवसर पैदा होने पर ग्रामवासियों को उनकी योग्यता और उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक के उपरांत अधिकारियों ने हस्ताक्षरित लिखित सहमति पत्र ग्रामीणों को सौंपा जिसके बाद आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की गई। हालांकि वर्तमान में आंदोलन स्थगित कर दिया गया है, लेकिन नराईबोध के ग्रामीणों ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने प्रबंधन के लिखित आश्वासन पर भरोसा जताते हुए आंदोलन टाला है, यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर मांगों को पूरा नहीं किया गया। साथ ही इस आश्वासन की अनदेखी की गई तो आगामी समय में एसईसीएल गेवरा खदान का संचालन पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। इस त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान ग्राम प्रतिनिधि गोमती केवट एवं अन्य प्रमुख ग्रामीण उपस्थित रहे जिन्होंने क्षेत्र के हक की आवाज को मजबूती से रखा।

### आश्वासन के बाद प्रस्तावित खदान बंदी आंदोलन हुआ स्थगित

**खास बातें**

- ग्रामीणों ने पूर्व घोषित आंदोलन को फिलहाल स्थगित करने का लिया निर्णय




### छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रतिनिधियों ने प्रबंधक निदेशकों के साथ की बैठक

# पुरानी पेंशन प्रक्रिया का ड्राफ्ट तैयार स्वीकृति के बाद होगा जल्द लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के पदाधिकारियों की विद्युत कंपनी के तीनों प्रबंधक निदेशक के साथ आयोजित बैठक

**खास बात**

- संविदा कर्मियों की राष्ट्रीय अवकाश में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन का आदेश जारी

में निर्णय लिया गया है कि पुरानी पेंशन बहाली हेतु प्रक्रिया अंतिम चरण में है, ड्राफ्ट तैयार कर कंपनी के द्वारा उच्च प्रबंधन को भेजा जा चुका है, जिसे स्वीकृति उपरांत जल्द लागू किया जाएगा। साथ ही इसे लेकर महासंघ की चेयरमैन के साथ बैठक भी आयोजित की जाएगी।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ की विद्युत कंपनी के तीनों प्रबंध निदेशक के साथ आयोजित बैठक में चर्चा के बाद सहमति बनी है कि संविदा कर्मियों की राष्ट्रीय अवकाश में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन पर आदेश शीघ्र जारी किया जाएगा। साथ ही आंदोलन एवं स्वास्थ्यगत पर लंबी छुट्टी पर एवं एलडब्ल्यूपी के प्रकरण पर केस टू केस पर निराकृत किया जाएगा। साथ ही वार्षिक वेतन वृद्धि एवं अन्य लाभ के लिए कमेटी गठन किए जाने पर सहमति बनी। पीएम सूर्यघर ऊर्जा के तहत अपने आवासीय परिसर में सोलर रूफ टॉप नहीं किए जाने पर बंद किया 50 प्रतिशत छूट को चालू करते हुए महासंघ के द्वारा तृतीय और चतुर्थ कर्मचारियों को सेकंड स्टेज में रखने की बात रखी गई। इस पर प्रबंधन की ओर से परीक्षण कराने एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों 50 प्रतिशत छूट एवं सेकंड स्टेज में रखने के लिए सहमति व्यक्त की गई। विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण शेष बचे हुए आईटीआई कर्मचारियों को नव सृजित वितरण केंद्रों और उपसंभाग में रिक्तियों की जानकारी लेकर शीघ्र पदोन्नति के लिए सहमति बनी। साथ ही टीए टीडी के पूर्व में जारी कार्यादेश में संशोधन आदेश के लिए एच आर को निर्देशित किया गया। सभी पदों की लिए कैरियर प्लानिंग एवं रिस्ट्रक्चरिंग हेतु शीघ्र ही कमेटी गठन कर कार्यवाही की जाएगी। बाह्य स्रोत के कर्मचारियो का प्रत्येक माह का 7 तारीख के भीतर वेतन प्रदान सुनिश्चित करने के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। नई भर्ती के लिए प्रक्रिया अंतिम चरण में है, विज्ञापन शीघ्र जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही विभागीय भर्ती के लिए भी जल्द विज्ञापन निकाला जाएगा। महासंघ के द्वारा आठवें वेतन आयोग के लिए वेज रिविजन के लिए कमेटी गठन हेतु मांग रखी गई, जिस पर प्रबंधन के द्वारा एच आर को कमेटी गठन के लिए निर्देशित किया गया। सभी पदों पर अतिशीघ्र पदोन्नति आदेश जारी किए जाने पूर्णरूप से आश्वस्त किया गया। जनरेशन के मांगों के संबंध में भूस्थापित कर्मचारियों का 10 हजार से 5 हजार की डिप्रेशन करने की कार्यवाही के लिए एच आर को निर्देशित किया गया। उसी प्रकार वेज रिवीजन के एरियर्स के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु एच आर को निर्देशित किया गया।

कंपनी के लिपिकीय वर्ग को राज्य शासन की तरह कंप्यूटर भत्ता के संबंध में परीक्षण कराकर आवश्यक कार्यवाही किए जाने सहमति व्यक्त की गई। बैठक के दौरान कंपनी प्रबंधन की ओर से प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन आरके शुक्ला, प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) भीम सिंह कंवर, प्रबंध निदेशक (जेनरेशन) एसके कटियार सहित तीनों कंपनी के महाप्रबंधक, उपमहाप्रबंधक, उपमहाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे तथा महासंघ की ओर से विद्युत मजदूर महासंघ के उपमहामंत्री हरीश चौहान, महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रांतीय महामंत्री नवरतन बरेठ, कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिन्हा, प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष कुमार क्षत्रिय, कार्यालय मंत्री चेतनानंद दुबे, कोषाध्यक्ष कोमल देवांगन, प्रांतीय संगठन मंत्री पीयूष सिन्हा, क्षेत्रीय अध्यक्ष परमेश्वर कन्नौजे शामिल हुए।



बैठक में उपस्थित संघ के पदाधिकारी एवं अधिकारी।

# कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस सहित 26 ट्रेनें 4 अप्रैल से रहेंगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ में रेलवे के विभिन्न निर्माण कार्यों के चलते 26 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। नागपुर मंडल के गोंदिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म-3 पर वॉशेबल एप्रन को हटाकर बैलेस्टेड ट्रैक बनाने का काम किया जाएगा। इसके लिए करीब 20 दिन का ब्लॉक लिया गया है। इसी कारण 4 से 26 अप्रैल के बीच 14 ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे साथ ही रायपुर मंडल के हथबंद-भाटापारा सेक्शन में रोड अंडर ब्रिज के लिए गर्डर लॉन्चिंग का कार्य किया जाएगा। इसके चलते 14 और 15 फरवरी को ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा, जिससे 12 यात्री ट्रेनें प्रभावित होंगी। भिलाई स्टेशन पर भी डिस्मेंटलिंग कार्य के कारण कुछ ट्रेनें रद्द रहेंगी। रद्द होने वाली ट्रेनों में कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस, शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, विशाखापट्टनम- हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा कई मेमू और पैसेंजर ट्रेनें 5 से 25 अप्रैल तक बंद रहेंगी। कुछ ट्रेनें अपने गंतव्य तक नहीं जाएंगी और बीच रास्ते में ही समाप्त कर दी जाएंगी।

# दुष्कर्म के मामले में आरोपी को मिली 10 की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 32 वर्षीय की महिला जब शाम को नदी गई हुई थी और वापस अपने घर लौट रही थी तो इसी दौरान एक अधेड़ व्यक्ति ने उसके गर्दन पर ब्लेड लगाकर उसके साथ बलपूर्वक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया गया। पुलिस ने मामले को न्यायालय में पेश किया था जहां आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने 10 साल सश्रम कारावास व 5 सौ रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीसागरपारा में रहने वाला महेत्तर केंवट उम्र 48 साल ने 7 जनवरी 2025 की है। जब एक महिला शाम को हसदेव नदी के किनारे गई हुई थी, नदी से वापस अकेले लौटने के दौरान आरोपी महेत्तर केंवट ने सूनसान रास्ता देखकर उसकी नियत बदल गई और महिला के साथ बलपूर्वक मारपीट करते हुए और उसके गर्दन पर ब्लेड की नोक लगाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था जिसके बाद वह फरार हो गया था। महिला की रिपोर्ट पुलिस ने महेत्तर केंवट के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी सीमा प्रताप चंद्रा के न्यायालय में पेश किया था।

# शिकारियों ने जंगल में लगाया था फंदा, तेंदूआ की बन आयी थी जान पर, वन अमले ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कटघोरा वनमंडल के पाली परिक्षेत्र के लाफा बीट में सोमवार को एक तेंदुए का रेस्क्यू अभियान किया गया। शाम 8 बजे पाली परिक्षेत्र अधिकारी ने वनमंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत को सूचित किया कि लाफा बीट के कक्ष क्रमांक पी-134 में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शिकार हेतु लगाए गए फंदे में एक तेंदुआ फंस गया है। वनमंडलाधिकारी द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एसडीओ पाली की अध्यक्षता में टीम गठित की गई, जिसमें परिक्षेत्र अधिकारी एवं डिप्टी रेंजर पाली शामिल थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया एवं रेस्क्यू हेतु तेन्दुआ को ट्रैंकुलाइज करने की आवश्यकता की सूचना दी।

वनमंडलाधिकारी ने प्रधान मुख्य वनसंरक्षक सह मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक अटल नगर रायपुर, मुख्य वनसंरक्षक और क्षेत्रीय संचालक अचानकमार टाईगर रिजर्व बिलासपुर एवं मुख्य वनसंरक्षक बिलासपुर को दूरभाष द्वारा विस्तृत सूचना दी। प्रधान मुख्य वनसंरक्षक सह मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक रायपुर से ट्रैंकुलाइजेशन की अनुमति प्राप्त होते ही वनमंडलाधिकारी कटघोरा, डॉ. चंदन कानन पंडारी एवं अतिरिक्त रेस्क्यू टीम के साथ रात्रि लगभग 10 बजे घटना स्थल चैतुरगढ़ मार्ग पहुंचे। जहां फंदे में तेंदूआ फंसा मिला मौके पर डॉ. चंदन द्वारा फंदे में फंसे तेन्दुआ को ट्रैंकुलाइजेशन कर सुरक्षित फंदे से बाहर निकाला गया एवं मौके पर ही प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। फंदे में फंसने की वजह से तेन्दुआ के पेट एवं पिछला में चोट लगा था। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर कानन पेंडारी भेज दिया गया है। जांच के दौरान अचानकमार टाईगर स्क्वाड की टीम घटनास्थल से शिकारी के घर नगोईभाठा का पता लगाया। शिकारी के घर पर शिकार में प्रयुक्त तार के टुकड़े पाये गये, इसके अतिरिक्त शिकार में उपयोग किये जाने वाले अन्य फंदे, तार एवं हथियार प्राप्त हुआ, उपरोक्त सबूत के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी विजय कुमार गोड़ पिता श्याम सिंह गोड़, उम्र 37 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है।

# कर वसूली अभियान तेज, बकायादार दुकानों पर चला निगम प्रशासन का डंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में लंबित संपत्ति कर, जल कर एवं अन्य नगर पालिका करों की वसूली को लेकर नगर पालिका

**खास बात**

- मुख्य नगर पालिका अधिकारी कटघोरा ने किया शहर का निरीक्षण

प्रशासन एव राजस्व की टीम ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्वयं नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों एवं वार्डों का भ्रमण कर नागरिकों व व्यापारियों से कर जमा करने की अपील की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों एवं संपत्ति स्वामियों से सीधे संवाद कर बकाया करों की जानकारी दी तथा शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए इसके बावजूद जिन दुकानदारों ने कर जमा करने में लापरवाही बरती, उनके खिलाफ तत्काल कार्यवाही करते हुए कई दुकानों को मौके पर ही सील कर दिया गया। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि नगर विकास कार्यों के लिए कर वसूली अत्यंत आवश्यक है और बकायादारों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि नगर की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए कर संग्रह जरूरी है नागरिकगण अपना बकाया कर को समय पर जमा करें,अन्यथा प्रशासन के द्वारा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीएमओ ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और आगे भी बकाया कर न चुकाने वालों की संपत्तियों एवं प्रतिष्ठानों पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका की इस पहल से कर वसूली में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अपने करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग करें ताकि नगर स्वच्छ व सुंदर रखा जा सके। इस अवसर पर नगर पालिका के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।



जांच करते अधिकारी।

**न्यायालय-आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

प्र.क्र.-03/ई.सी.ए./सीओसी-1-बी/2026 (एफ.) डिपो.

**-सूचना पत्र-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नियोक्ता मेसर्स सिमर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमि., द्वारा–मेसर्स आर.के.एम. पॉवरजेन प्रा.लि. के नियोजन में कार्य करते हुए कामगार स्व. श्री बलराम यादव की दिनांक 07.10.2025 को कार्य के दौरान दुर्घटना कारित होने से दिनांक 20.12. 2025 को मृत्यु हो गई है, जिसका क्षतिपूर्ति धनराशि रूपए 1421700=00 (चौदह लाख इक्कीस हजार सात सौ रूपए) वितरण की कार्यवाही के लिए दिनांक 16.03.2026 नियत है।

अतः जो भी व्यक्ति मृतक स्व. स्व. श्री बलराम यादव का आश्रित, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923 की धारा 2 (1) (डी) के अंतर्गत होना समझता हो, वह न्यायालय के समक्ष दिनांक 16.03.2026 को दिन के 11:00 बजे उपस्थित होकर मृतक के आश्रित होने का साक्ष्य व प्रमाण पेश करें एवं मृतक के नियोक्ता द्वारा प्रमाणित स्वयं का फोटो तथा परिचय पत्र पेश करें।

आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के सीलमुद्रा से प्रसारित।

**आयुक्त,**
**कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम**
**श्रम न्यायालय जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**Name Change**

My army number is 14656889W. My mother's date of birth is 01 July 1966 and name Sumitra Devi has been wrongly entered in my army documents as per according the Aadhaar the date of birth is 01 January 1968 and the name is Sumitra Kumbhakar. So in future my mother should be considered as Sumitra Kumbhakar and the date of birth in Aadhaar card should be considered as 01 January 1968.

**न्यायालय नायब तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

क्रमांक /532/तह./ वाचक-02/2025
नवागढ़, दिनांक 10/02/2026
रा.प्र.क्र. 202606560041/अ-6अ/2025-26
ग्राम- पोड़ी

इस न्यायालय में लंबित रा.प्र.क्र. 2026065600041/अ-6अ/2025-26 के तहत् आवेदक परमानंद साहू पिता जगन्नाथ प्रसाद, जाति तेली, निवासी ग्राम पोड़ी, तहसील नवागढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में पेश आवेदन के तहत् ग्राम पोड़ी स्थित भूमि खसरा नं. 1182 रकबा 0.0810 हेक्टेयर जो वर्तमान राजस्व रिकार्ड में आवेदक के नाम पर दर्ज नहीं है, किन्तु ऑनलाइन में unknown पिता known नाम दिखा रहा है, जिसमें आवेदक उक्त वाद भूमि पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि में आवेदक द्वारा किये गये स्वामित्व के दावा में किसी जनसामान्य कों किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना दावा या आपत्ति लिखितरूप मे या अभिभाषक के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन आगामी सुनवाई तिथि 24/02/2026 तक अधो हस्ताक्षरकर्ता द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/02/2026 को ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील / मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**नवागढ़**

### चालक ने दो ट्रेलर से की 12 चक्कों की चोरी

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत रियलकान एंड ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारी बजरंग ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि कंपनी की गाड़ी कोयला परिवहन हेतु चलवाने का काम करता है। जिसमें से वाहन ट्रेलर क्रं. सीजी 12 बीजी 6616 व वाहन ट्रेलर क्रं. सीजी 04 एनव्ही 8356 जो उक्त दोनों वाहन 18 चक्का लगा हुआ था उक्त दोनों वाहन का चालक लक्ष्मण दास अलग-अलग समय में बदल-बदलकर चलाता था कि 10 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे बजरंग ने कुसमुंडा खदान के 6 नंबर बेरियर खदान के पास लावारिश हालत में खड़ा देखा जो दोनों वाहनों को चेक करने पर उसमें लगा 12 नग नया टायर की जगह पुराना टायर लगा था और चालक लक्ष्मण दास ट्रक को वहीं पर छोड़कर कहीं भाग गया है।

### बीट पुलिसिंग से जिले में अपराधियों पर कसा जा रहा शिकंजा

**कोरबा।** जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्र में एक बार फिर से बीट पुलिसिंग को प्रभावी ढंग से शुरू कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सभी थानेदारों द्वारा बीट पुलिसिंग पर ही जोर दिया जा रहा है और सभी बीट प्रभारी अपने-अपने इलाकों में प्रभावी काम कर रहे हैं। इसके अलावा सभी बीट प्रभारी हर दूसरे दिन घर में जाकर उनके घरों में दस्तक देंगे साथ ही उनकी क्लास भी लेने लगे हैं। बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा विगत दिनों अपने पूर्व प्रवास के दौरान पुलिस अफसर को थानेदारों की क्लास ली गई थी और बीट पुलिसिंग के तहत काम करने के लिए पुलिस अधीक्षक को निर्देशित ही किया था जिसके तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा भी बीट पुलिसिंग को प्रभावी ढंग से जिले में संचालित करने की दिशा पर काम किया जा रहा है। सभी राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारी को अपने-अपने इलाकों में काम शुरू करने का फरमान जारी कर दिया गया है जिसके तहत अब थाना प्रभारी बीट का बंटवारा भी कर चुके हैं और बीट के तहत अधिकारी कर्मचारियों ने काम भी शुरू कर दिया है। खास तौर पर बीट पुलिसिंग के तहत सभी बीट प्रभारी व प्रधान आरक्षक, आरक्षक अपने अपने क्षेत्र में रहने वाले गुंडा, बदमाशों की क्लास भी लेने लगे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की टीम हर दूसरे दिन बदमाशों के घरों में दस्तक देगी और उनकी क्लास लेगी।

जाँजगीर मार्केट
आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बडोदा के पास जांजगीर मो.9302362173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



स्पेशल: वर्ल्ड रेडियो-डे

## ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना

# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना

बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यम:** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियो:** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाईं, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?



**ज्ञान के प्रसार में सहायक:** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचाई।

**संकटमोचन की भूमिका में रेडियो:** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

**रेडियो के विकास में भारत का योगदान:** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।



जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियो:** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणी:** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

### कुछ रोचक तथ्य

**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशन:** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।

**पहली सिग्नेचर धुन:** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।

**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंस:** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।





# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।

**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन:** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।



**इसलिए कहते हैं ब्लैक सी:** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को ब्लैक सी क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे वह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माण:** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटेरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

### ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट ये बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



## बूझो तो जानें



1
गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।



2
एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।

3
चाहे हों ये दाएं-बाएं
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक

## जीके क्विज-192

1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-191 का उत्तर:** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा

**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वाले:** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव



एआई इमेज

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।


'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताब:** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह), **लेखक:** गोविंद शर्मा, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यागार, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1.पपी हाउस के ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बाईं तरफ झाड़ी कम दिख रही है। 3.पपी के बाएं पैर के ऊपर ब्राउन स्पॉट है। 4.पपी हाउस में ऊपर दाईं तरफ चिमनी बनी हुई है। 5.नीचे दाईं तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।



**खबर संक्षेप**

## विज्ञान मेला के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**अकलतरा।** विज्ञान किट का बेहतर प्रयोग, बच्चों को करके सीखने देने और पियर लर्निंग के अवसर देने के रूप में विज्ञान मेला का आयोजन 28 फरवरी को सभी माध्यमिक स्कूल में होना है । जिसमें उन्मुखीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीआरसी प्रशिक्षण हॉल में किया गया। विज्ञान मेला या पूर्व में किए गए स्कूल स्तर पर बाल मेला या बाल शोध मेला का अनुभव सुना गया। विज्ञान मेला का उद्देश्य विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। शिक्षकों के साथ विज्ञान मेला से जुड़े शिक्षण प्रक्रियाएं,उदाहरण के साथ विज्ञान मेला की तैयारी से जुड़े प्रक्रिया या तैयारी का प्रारूप, प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए अनुभव ,विज्ञान मेला के नक्शे और उसे जुड़े चुनौतियां भी शिक्षकों द्वारा साझा की गई जिसपर आपसी चर्चा के माध्यम से समाधान खोजे गए । एक स्टॉल की प्रक्रिया को उदाहरण के तौर पर विस्तृत चर्चा की गई जहां स्टॉल की जाने वाली प्रक्रिया पर चर्चा हुई। राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर में हुए एफएलएन मेला का वीडियो दिखाया गया। सभी शिक्षकों द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निश्चय किया जिससे विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी ,बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षार्थी शिक्षकों को शासन द्वारा प्रदत्त साइंस किट का नियमित सदुपयोग करने हेतु निर्देशित किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में आशीर्वाद समारोह संपन्न



**बिर्रा।** आर्य बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित संस्था सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में 10 फरवरी को आशीर्वाद समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विजय पाण्डेय पुलिस अधीक्षक जांजगीर एवं अध्यक्षता देवनारायण साहू संगठन मंत्री स. शि. संस्थान रायपुर, विशिष्ट अतिथि दीपक तिवारी, जय कुमार साहू टी. आई. बिर्रा, डा. ईश्वर प्रसाद शुक्ल अध्यक्ष स. शि. मं. बिर्रा, मनोज कुमार तिवारी उपाध्यक्ष स. शि. मं. बिर्रा, भागीरथी देवांगन कोषाध्यक्ष स. शि. मं. बिर्रा, देवप्रसाद तिवारी व्यवस्थापक स. शि. मं. बिर्रा, श्रवण कुमार कश्यप सदस्य, दादूराम कश्यप सदस्य, नरेंद्र सिंह ठाकुर सदस्य, श्रीमती सुप्रिया शुक्ला प्राचार्य स. शि. मं. बिर्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा भारत माता ऊं सरस्वती माता के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रथम कड़ी में सरस्वती वंदना एवं एकादश के छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में 12वीं के छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए साइबर क्राइम दुर्व्यसन से दूर रहने की प्रेरणा दी। इसी प्रकार से डा. ईश्वर प्रसाद शुक्ल एवं मनोज कुमार तिवारी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरणा प्रदान किए। कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा 12वीं के विद्यार्थियों को उपहार प्रदान किए। साथ ही मनोरंजनात्मक खेल, रस्सा कस्सी एवं अनुभव कथन जैसे कार्यक्रम भी संपन्न हुए।

## कबीर की वाणी और असंग देव के उपदेश को अपने जीवन में उतारे



**मालखरौदा।** ग्राम डोंगिया, सुलोनी में आयोजित तीन दिवसीय सुखद सत्संग अमृत कथा का आयोजन के द्वितीय दिन श्रीमती संयोगिता युद्ध वीर सिंह जुदेव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश गेवाडीन ने असंग देव का शाल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संयोगिता युद्धवीर सिंह ने कहा कबीर की वाणी और असंग देव के बताए सत्संग में उपदेश को अपने जीवन पर उतारे इसी में ही मनुष्य की भलाई है जो मनुष्य कबीर के एक दोहे को भी अपने जीवन में उतार लेता है वह भवसागर से पार हो जाता है। अपने प्रवचन में संत असंग देव ने कहा कि मनुष्य का मन अत्यंत चंचल होता है और जो वस्तु उसे प्राप्त नहीं होती, उसी में उसे अधिक आकर्षण दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि दूसरों को समझाना सरल है, लेकिन स्वयं को समझना सबसे कठिन साधना है। संत असंग देव ने कहा बड़े बुजुर्गों का मान सम्मान करना चाहिए जो मनुष्य अपने माता-पिता बुजुर्ग की सेवा करता है उसे और किसी सत्संग या भजन की आवश्यकता नहीं है क्योंकि धरती में स्वयं माता-पिता ही भगवान है बड़े बुजुर्गों का मार्गदर्शन अमृत समान होता है, क्योंकि वह हमारे हित के लिए सोचते है। असंग देव ने धन के लोभ को दुख का कारण और त्याग को सच्चे सुख का मार्ग बताया। तीन दिवसीय सुखद सत्संग अमृत कथा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु गणों ने गुरु कबीर दास की महा आरती उतार कर प्रसाद ग्रहण किया।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा : महोबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का आयोजन 11 से 13 फरवरी तक जिले के हाईस्कूल मैदान जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र जर्वे जांजगीर में आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार 12 फरवरी को कृषि विज्ञान केन्द्र जर्वे जांजगीर में आयोजित कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में मत्स्य पालन, प्राकृतिक खेती एवं रबी फसलों के वैज्ञानिक प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया गया।

संगोष्ठी कार्यक्रम में मत्स्य पालन, मशरूम की खेती, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन तिलहन प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, रबी फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन, रबी फसलों एवं कीट प्रबंधन एवं भण्डारित अनाजो में कीट प्रबंधन, रबी फसलो मे रोग प्रबंधन, उन्नत विलोपित किस्मों, के सम्बंध में वैज्ञानिको एवं प्रगतिशील कृषकों के द्वारा जिले एवं दूरस्थ क्षेत्र से आये कृषको को खेती के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वैज्ञानिको के द्वारा




कृषक संगोष्ठी में उपस्थित किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक।

संगोष्ठी कार्यक्रम में आये कृषकों से प्रशिक्षण उपरांत प्रश्नोत्तरी किया गया जिसमें किसानो के द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया। जिससे जिले के कृषको के उन्नत खेती करने की जिज्ञासा बढी। संगोष्ठी कार्यक्रम में विकासखण्ड अकलतरा से प्राकृतिक खेती कर रहे महिला कृषको ने भी अधिक संख्या में सहभागिता निभाई एवं अपने अनुभव को मंच के माध्यम से अन्य किसानो के साथ साझा किया गया। इस दौरान इंजी. रवि पाण्डेय, निदेशक विस्तार सेवांएएस.एस. टूटेजा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. के.डी. महंत, कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. रंजीत मोदी, पौध रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष प्रधान, मत्स्य पालन विशेषज्ञ डॉ. मनीष सिंह, आकाशवाणी बिलासपुर की डॉ. सुप्रिया भारतीयन, प्रगतिशील कृषक संदीप तिवारी, आशीष राठौर, दुष्यंत सिंह, रोहित साहू के द्वारा अंचल के कृषकों को नवाचार के विषय पर व्याख्यान दिया गया। इसके साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र जर्वे जांजगीर में रेडियो किसान दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी बिलासपुर एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किसान की बात रेडियो के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि रेडियो ने हमेशा किसानों को एक मंच प्रदान किया है। रेडियो के माध्यम से किसानों को जोड़ने और उनकी समस्याओं व अनुभवों को साझा करने की परंपरा ने कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। आजादी के बाद आई हरित क्रांति ने कृषि क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाया और उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। कलेक्टर श्री महोबे ने किसानों से बहु-फसली प्रणाली अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि जांजगीर-चांपा जिला भी कृषि पर निर्भर जिला है। खरीफ में फसल चक्र अपनाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और उत्पादन में वृद्धि हो। उन्होंने किसानों को वैकल्पिक फसलों की ओर बढ़ने की सलाह दी, ताकि कृषि आय में वृद्धि हो।



## मांगों के समर्थन में कर्मचारियों ने बुलंद की आवाज, हड़ताल के चलते कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं स्वतंत्र फेडरेशनों के संयुक्त मंच द्वारा आहूत 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी औद्योगिक हड़ताल का चांपा में व्यापक असर देखने को मिला। डॉ. संजय कुमार सिंह महासचिव, प्रकाश एम्प्लॉइज यूनियन के नेतृत्व में प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड चांपा के कर्मचारियों ने हड़ताल में सक्रिय भागीदारी निभाई और श्रमिक एकजुटता का परिचय दिया।

- **राष्ट्रव्यापी हड़ताल का व्यापक असर, पीआईएल में श्रमिकों ने दिखाई एकजुटता**

हड़ताल का संचालन प्रकाश एम्प्लॉइज यूनियन के बैनर तले किया गया, जिसमें संघ के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हड़ताल के चलते औद्योगिक कार्य प्रभावित रहे। कर्मचारियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उठाई जा रही मांगों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की, जिनमें लेबर कोड में संशोधन, वेतन विसंगतियों का निराकरण एवं पुरानी पेंशन योजना की बहाली प्रमुख रही। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों का पूर्ण समर्थन प्राप्त होना इस बात का प्रतीक रहा कि श्रमिक वर्ग अपनी जायज मांगों को लेकर संगठित एवं गंभीर है। कार्यक्रम में यूनियन पदाधिकारी शिवदयाल कर्ष, हरीश श्रीवास, राज कुमार सरोज, तापस दत्ता एवं योगेश देवांगन की सक्रिय उपस्थिति रही, जिन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया।

इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल के माध्यम से प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड, चांपा के कर्मचारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि श्रमिक हितों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी और अपनी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों एवं किसान संगठनों के द्वारा गुरुवार को बुलाए गए राष्ट्रव्यापी औद्योगिक हड़ताल भारत बंद को जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल अपना समर्थन देने पहुंचे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा के अध्यक्ष सुनील साधवानी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता और राज सरोज भी हड़ताल को अपना समर्थन देने पहुंचें ।




## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी देशभक्ति गीत व नृत्य की प्रस्तुति, नाटक ने मोहा सबका मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम पंचायत केसला के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक मनाया गया। नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

इस आयोजन की पहल विद्यालय के प्रधान पाठक बलीराम देवांगन ने की। ग्राम पंचायत केसला के सरपंच अंबिका-अर्जुन यादव का पूर्ण सहयोग और सहभागिता प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में घासीराम कश्यप प्राधिकृत अधिकारी, सेवा सहकारी समिति एवं नवागढ़ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अंबिका-अर्जुन यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरोजनी नंदकुमार यादव जनपद पंचायत सदस्य, क्षेत्र क्रमांक 17, अर्जुन यादव छत्तीसगढ़ पुलिस, हेतराम यादव, मनहरण केवट, भुवन लाल तुर्काने, कृपाराम पटेल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के दिलीप देवांगन, देवनारायण देवांगन सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं ग्रामवासी इस आयोजन की सफलता में सक्रिय रूप से सहभागी बने।

## जीवन में आगे बढ़ने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अकलतरा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद एवं विदाई समारोह का आयोजन

- **राजेंद्र कुमार सिंह स्कूल में आशीर्वाद समारोह का हुआ आयोजन**

अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव ईश्वर खंडेलिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर ट्रस्ट सदस्य अविनाश लाटा एवं विद्यालय के प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रेरित करना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करना था। मुख्य अतिथि



पूजा-अर्चना करते अतिथि।

ईश्वर खंडेलिया ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने तथा कठिन परिश्रम करने का संदेश दिया। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए शाला के पूर्व छात्र व्यंकटेश नारायण शुक्ल द्वारा दी जाने वाली "फाउंडेशन फॉर एक्सीलेंस" छात्रवृत्ति की जानकारी दी, जिसके अंतर्गत मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई हेतु पात्र छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि आगामी बोर्ड परीक्षा में छत्तीसगढ़ प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के छात्र-छात्राओं को 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी।विद्यालय के प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह द्वारा विद्यार्थियों को आशीर्वाद स्वरूप लेखन सामग्री प्रदान की गई, जिसे अतिथियों के करकमलों से वितरित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किए, जिससे वातावरण भावुक हो उठा। वहीं कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं के छात्रों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक आर.के. पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रिटर्निंग वाल एवं सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

नगर पंचायत बाराद्वार के वार्ड क्रमांक 13 में इंदिरा सागर तालाब रिटर्निंग वाल एवं सीसी रोड निर्माण रोड कार्य का भूमि पूजन समारोह भाजपा ज़िलाध्यक्ष टिकेश्वर गवेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ने भूमिपूजन विधिवत रूप से श्रीफल तोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण कुर्रे, अध्यक्ष नगर पंचायत बाराद्वार ने की। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में कहा कि नगर पंचायत नया बाराद्वार क्षेत्र में विकास की बयार बहने वाली है। सीसी रोड निर्माण से वार्डवासियों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी।भूमि पूजन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश शर्मा (प्रदेश मंत्री , चेंबर ऑफ़ कॉमर्स),अरुण शर्मा (जिला मंत्री, सक्ती),जगेश राय प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री प्रशंसक



भूमि पूजन करते अतिथि।

फोरम,जितेश शर्मा उपाध्यक्ष, नगर पंचायत बाराद्वार, आरती खुरसे पार्षद, वार्ड क्रमांक 03,अमित कालनोरिया सांसद प्रतिनिधि,अजय सिंह राजपूत पार्षद, वार्ड क्रमांक 10,अनिल तोदी (अध्यक्ष व्यापारी संघ बाराद्वार )राजेश साहू (पार्षद प्रतिनिधि , वार्ड क्रमांक 03),हरप्रसाद हंसे (पूर्व पार्षद वार्ड क्रमांक 13)सीएमओ पुनीत वर्मा, लक्ष्मण दहिरे,गणपत बरेठ, सचिन शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि नगर पंचायत बाराद्वार में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सीसी रोड एवं नाली निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से भी स्थायी समाधान मिलेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## दिल्ली अधिवेशन में ह्यूमन राइट्स अवार्ड से सम्मानित हुए कुलवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार अधिवेशन संपन्न हुआ। यह अधिवेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें देश के सभी राज्यों से आए पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों, कानून विशेषज्ञों एवं मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने व्यापक सहभागिता की।

अधिवेशन का शुभारंभ उद्घाटन सत्र से हुआ, जिसमें रूस दूतावास की प्रथम सचिव क्रिस्टीना अनानीना ने बतौर विशिष्ट अतिथि अपने संबोधन में मानवाधिकारों को वैश्विक शांति और आपसी सहयोग की आधारशिला बताया। इसके पश्चात अधिवेशन के स्मारिका का विमोचन किया गया। उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड, भारत सरकार से जुड़े पंकज कुमार, अधीक्षक (सीमा शुल्क और जीएसटी, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, तथा एनएचआरसीसीबी के राष्ट्रीय संरक्षक जय प्रकाश निषाद पूर्व राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री ने अपने विचार रखते हुए मानवाधिकारों को लोकतंत्र की आत्मा बताया। जय प्रकाश निषाद ने



अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते कुलवंत सिंह जब्बल।

अपने संबोधन में संगठन की भूमिका और भविष्य की दिशा पर प्रकाश डाला। अधिवेशन के दौरान दो प्रमुख पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं। अधिवेशन के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार पुरस्कार–2026 समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान चांपा निवासी कुलवंत सिंह जब्बल को संभाग स्तर पर मानवाधिकार हनन रोकने एवं पीड़ितों की सहायता के लिए अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## अंतिम संस्कार स्थलों को हरित व स्वच्छ बनाया जाना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिदार घाट मुक्तिधाम परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में हरा

- **मुक्तिधाम में पौधरोपण के साथ स्वच्छता का संदेश, नगर पंचायत बम्हनीडीह में हरा-नीला डस्टबिन वितरण से जागरूकता बढ़ी**

एवं नीला डस्टबिन वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता देखने को मिली आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, कचरा पृथक्करण की आदत विकसित करना तथा बढ़ती



पौधरोपण कर जागरुकता का संदेश देते जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी व नागरिक।

गर्मी और पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना रहा। सिदार घाट मुक्तिधाम में लगाए गए पौधों के माध्यम से नगर पंचायत ने यह संदेश दिया कि अंतिम संस्कार स्थलों को भी हरित और स्वच्छ बनाया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने स्वयं पौधारोपण कर लोगों को प्रेरित किया उपस्थित नागरिकों ने भी पौधों की देखरेख का संकल्प लिया मुक्तिधाम जैसे सार्वजनिक स्थलों पर हरियाली बढ़ाने से वातावरण शुद्ध होने के साथ-साथ क्षेत्र की सुंदरता में भी वृद्धि होगी। यह बात वक्ताओं ने विशेष रूप से रेखांकित की। कार्यक्रम में सक्ती जिला के पूर्व अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और हर नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने बढ़ते तापमान और गर्मी की समस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण ही इसका स्थायी समाधान है। मंडल अध्यक्ष आशीष तिवारी ने स्वच्छता और हरियाली को नगर की पहचान बनाने की अपील की तथा युवाओं से सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में गोकुल जायसवाल, आनंद अग्रवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, रमेश डडसेना, दुष्यंत सिंह राज, पवन केसरवानी, विशाल सराफ, भूपेंद्र डडसेना, मोहन डडसेना, अजय सराफ, मयंक सराफ, प्रमोद सुहाने सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत बम्हनीडीह और नगर के युवा जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

